सहअस्तित्व

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

फ्रांसीसी विधानसभा चुनावों के लिये हाल ही में हुए जनमत सर्वेक्षणों से फ्रांसीसी संसद में **सहअस्तित्व (Cohabitation)** की संभावना का संकेत प्राप्त होते है।

- **सहअस्तित्व** एक ऐसी स्थिति है जहाँ राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री **(नेशनल असेंबली के नेता)** अलग-अलग राजनीतिक दलों से आते हैं।
  - ऐसा तब होता है जब **राष्ट्रपति से संबंधित दल को नेशनल असेंबली में बहुमत नहीं मिलता,** जिसके परिणामस्वरूप विपक्षी दल या गठबंधन से किसी प्रधानमंत्री की नियुक्ति की जाती है।
  - इस **सत्ता-साझाकरण व्यवस्था** में, **राष्ट्रपति विदेश नीति और रक्षा को संभालते** हैं, जबकि प्रधानमंत्री घरेलू नीति और दिन-प्रतिदिन के शासन पर ध्यान केंद्रित करते हैं।
  - प्रभावी **शासन सुनिश्चित करने के लिये** दोनों नेताओं के बीच सहयोग एवं समझौता आवश्यक है।
- वर्ष 1958 से अब तक यह **घटना फ्रांसीसी पाँचवें गणराज्य में तीन बार घटित** हो चुकी है।
  - **फ्रांसीसी पाँचवाँ गणराज्य फ्राँस** में वर्तमान गणतांत्रिक शासन प्रणाली को संदर्भित करता है, जिसे **वर्ष 1958 में चार्ल्स डी गॉल** द्वारा स्थापित किया गया था, जिसने **पूर्ववर्ती संसदीय चौथे** गणराज्य का स्थान लिया था।
- फ्राँस एक **अर्द्ध-अध्यक्षीय, दोहरे नेतृत्व वाली कार्यकारी, प्रतिनिधि संसदीय लोकतंत्र** है, जिसमें राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री की भूमिकाएँ स्पष्ट रूप से परिभाषित हैं।

और पढ़ें: लैसिटे: फ्राँस में धर्मनिरपेक्षता का सिद्धांत

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/cohabitation